आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार

(बिहार सरकार का उपक्रम)
प्रथम तल उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना।
Email md@idabihar.com Web-www.idabihar.com Phone/ 0612-2675933,2675935 Fax: 0612-2675934

पत्रांक......... 08/26/TECH/IDA/2023 दिनांक ....

प्रेषक,

निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)
आई०डी०ए०

सेवा में,

Registered Post & E-Mail

M/s Kumar Heights Pvt. Ltd.
302, Hem Plaza, Fraser Road
Patna – 800001.
Email–Kumarheights.pvtltd@gmail.com

विषय: Air quality laboratory (Pre Engineered Building) at Plot No NSC 02, Patliputra, Patna के भवन निर्माण कार्य के अंसतोषजनक प्रगति के आलोक में Debar करने के संबंध में।

प्रसंग: प्राधिकार का पत्रांक 2903/PDA दिनांक 23.05.23, Site Order पर दिनांक 08.07.23 को निदेश, पत्रांक 4531/PDA दिनांक 18.08.23, पत्रांक 5632/PDA दिनांक 14.10.23 एवं पत्रांक 6985/Tech दिनांक 30.12.2023 तथा आपका पत्रांक KHPL/AQL/2023-24/117 दिनांक 20.10.2023 एवं पत्रांक KHPL/AQL/2023-24/143 दिनांक 09.01.2024

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि Air quality laboratory (Pre Engineered Building) at Plot No NSC 02, Patliputra, Patna के कार्य का एकरारनामा आपके द्वारा गया था, जिसके अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 20.03.2023 तथा कार्य समाप्ति की तिथि 19.03.2024 है। उक्त परियोजना को पूर्ण करने की अवधि लगभग समाप्त होने वाली है किन्तु अभी तक आपके द्वारा लगभग 15% निर्माण कार्य ही पूर्ण किया गया है, जो अत्यंत खेद का विषय है। इस गति से कार्य लक्षित अवधि के अंदर पूर्ण करना संभव प्रतीत नहीं हो रहा है। कार्य की असंतोषजनक प्रगति को देखते हुए आपको प्राधिकार के पत्रांक 6985/Tech दिनांक 30.12.2023 द्वारा स्पष्टीकरण पूछा गया था, जिसके आलोक में आपके द्वारा पत्रांक KHPL/AQL/2023-24/143 दिनांक 09.01.2024 के माध्यम से प्रत्युत्तर समर्पित किया गया है–

1. आपके द्वारा कुल 164 पाईल पूर्ण करने तथा शेष 5 पाईल के संबंध में अवरोध की बात कही गई है – इस संबंध में कार्यस्थल पर आपको Dewatering कर कार्य पूर्ण करने के संबंध में निदेशित किया जा चुका है।
2. आपके द्वारा PEB Structure के लिए Consultant की नियुक्ति एवं उनके द्वारा बताए गए कमियों की जानकारी के संबंध में दिनांक 09.12.2023 को सूचित करने के संबंध में कहा गया है– इस संबंध में आप पूर्णतः आवगत है कि आपको कार्यस्थल पर Green Building के निर्माण के लिए Consultant की नियुक्ति के संबंध में बारम्बार निदेशित किया गया, किन्तु आपके द्वारा इस संबंध में कृत कार्रवाई में अनावश्यक विलम्ब किया गया। अतः इसके कारण हुए अनावश्यक देरी की जिम्मेवारी पूर्ण रूप से आपकी है।
3. आपके द्वारा Vetted Drawing दिनांक 27.12.2023 को उपलब्ध कराने की बात गई है– जबकि आपको दिनांक GFC Drawing दिनांक 08.04.2023 तथा Structural Vetted Drawing दिनांक 25.04.2023 को ही उपलब्ध करा दिया था।

4. आपने अपने Consultant द्वारा Vetted Drawing के आधार पर कार्य करने के लिए विभाग के निदेश के संबंध में कहा गया है– इस संबंध में आपको पूर्व में Structural Vetted Drawing दिनांक 25.04.2023 को उपलब्ध कराया जा चुका है, जिस पर कार्य करने हेतु किसी अन्य प्रकार की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। फिर भी आपको पुनः आपके आग्रह पर दिनांक 03.01.2024 को कार्यपालक अभियंता द्वारा Site Order Book पर आवश्यक निदेश दिया गया।– इस प्रकार से इस संबंध में हुए विलम्ब की जिम्मेवारी पूर्णरूपेण आपकी है।
5. पुनः आपके द्वारा संशोधित Work Programme के अनुसार ससमय कार्य पूर्ण करने के संबंध में कहा जा रहा है– इस संबंध में आपके द्वारा समर्पित Work Programme के अनुसार Civil Pile Work & Cap Pedestal Work माह नवम्बर 2023 में समाप्त हो जाना चाहिए, जो कि 03 ब्लॉक में से मात्र 01 ब्लॉक में ही पूर्ण किया गया है। PEB Structure Work 20 नवम्बर 2023 से प्रारम्भ होने की बात कही गई, जो कि यथार्थ में अभी प्रारंभ भी नहीं हो पाया है। साथ ही अन्य कार्य संशोधित Work Programmed के अनुसार दिसम्बर माह में प्रारम्भ होने के संबंध में सूचित किया गया था, जो अब तक प्रारंभ भी नहीं किया गया है।

इस प्रकार उपरोक्त से स्पष्ट है कि आपके द्वारा कार्य में अनावश्यक विलम्ब किया गया है। कार्य संपादन के विषय में आपका स्पष्टीकरण पत्रांक KHPL/AQL/2023-24/143 दिनांक 09.01.2023 द्वारा दिया गया जवाब तथ्यात्मक नहीं है एवं स्वीकार योग्य नहीं है।

अतः उपर्युक्त वस्तुस्थिति के आलोक में उपरोक्त विषयांकित कार्य में सतत प्रगति नहीं रहने, निर्माण कार्य की धीमी प्रगति एवं निदेशों की अवहेलना के कारण आपके **निबंधन को आगे किसी भी निविदा में भाग लेने से वंचित (Debar) किया जाता है।**

विश्वासभाजन

ह0/–

निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)

ज्ञापांक 361/Tech दिनांक 18/01/24

प्रतिलिपिः कम्प्यूटर प्रोग्रामर को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

18/1/24

निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)